# क्या दुनिया तुझे सतायेगी माता भजन लिरिक्स

क्या दुनिया तुझे सतायेगी,
क्या किस्मत तुझे रुलाएगी,
हर अला बला हर मुश्किल से,
मेरी मैया तुझे बचायेगी,
वो जग जननी सब जाने है,
तेरा भला बुरा पहचाने है,
जो भी हितकर है तेरे लिये,
मेरी मैया तुझे दिलायेगी,
मेरी दाती तुझे दिलाएगी,
जय माँ भवानी,
जय माँ शिवानी,
माँ के उपकारों की,
दुनिया दीवानी।bd।

---

मैया के तराजू में,
सुख-दुख बराबर है,
दुख भी लगे सुख सा,
विश्वास जो मां पर है,
देवों को भी तारे है,
माँ की ऐसी ममता है,
तिरलोक में मां जैसी,
न किसी मैं क्षमता है,
वो बिन माँगे दे जायेगी,
तेरी हर विपदा हर जाएगी,
हर स्वाद तुझे तेरी जीत का,
मेरी मैया सदा चखाएगी,
मैया ही विजय दिलाएगी,
जय माँ भवानी,
जय माँ शिवानी,
माँ के उपकारों की,
दुनिया दीवानी।bd।

---

सदा शेर पे ही मैया,
करती सवारी है,
हाँ शेर दिल ही बनते,
मां के जो भी पुजारी है,
लाल वरण माँ का,
सदा चमके है लालम लाल,
मां के सच्चे भगत को ही

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

कहते है माई का लाल,
मां जब करुणा बरसाएगी,
झोली भी कम पड़ जायेगी,
आँचल तले सर आँखों पे,
मेरी मैया तुझे बिठायेगी,
जय माँ भवानी,
जय माँ शिवानी,
माँ के उपकारों की,
दुनिया दीवानी।bd।

---

क्या दुनिया तुझे सतायेगी,
क्या किस्मत तुझे रुलाएगी,
हर अला बला हर मुश्किल से,
मेरी मैया तुझे बचायेगी,
वो जग जननी सब जाने है,
तेरा भला बुरा पहचाने है,
जो भी हितकर है तेरे लिये,
मेरी मैया तुझे दिलायेगी,
मेरी दाती तुझे दिलाएगी,
जय माँ भवानी,
जय माँ शिवानी,
माँ के उपकारों की,
दुनिया दीवानी।bd।

गायक – उदय लकी सोनी।
**9131843199**
गीतकार – कामेश्वर सिंह ठाकुर जी।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com